RNI Regd. No. 7756/59

स्वतंत्र सोच, निष्पक्ष अभिव्यक्ति

दण्डकारण्य समाचार

61 वां वर्ष

जगदलपुर व रायपुर से एक साथ प्रकाशित

■ वर्ष 61 ■ अंक 29 ■ जगदलपुर, रविवार 10 फरवरी 2019 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य 2.00 ■ प्रधान संपादक - तुषार कांति बोस

दो से अधिक संतान वाले व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए उच्चतम न्यायालय में अर्जी

नयी दिल्ली,09 फरवरी (ए)। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उससे यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि राजनीतिक दल दो बच्चे के नियम का पालन करें और दो से अधिक संतान वाले उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं उतारें। इस याचिका को सुनवाई के लिए अगले हफ्ते सूचीबद्ध की जा सकती है। उसमें दो बच्चे के नियम को सरकारी नौकरियां, सहायता एवं सब्सिडी के लिए अनिवार्य शर्त घोषित करने तथा प्रदेश स्तरीय या राष्ट्रीय दल की मान्यता की शर्त से संबंधित कानून में उपयुक्त बदलाव की भी मांग की गयी है। भाजपा नेता और वकील अश्विन उपाध्याय ने यह याचिका दायर की है ।

राफेल पर राहुल के 10 झूठ गिनाकर भाजपा ने साधा निशाना

नई दिल्ली ,09 फरवरी (ए)। लोकसभा चुनाव के नजदीक होने के मद्देनजर कांग्रेस राफेल मुद्दे को लेकर सरकार और पीएम नरेंद्र मोदी पर हमले तेज कर रही है। इस पर पलटवार करने में बीजेपी भी कहीं पीछे नहीं रहना चाहती है। इसी सिलसिलए में भाजपा ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से लायर राहुल हैशटैग से सिलसिलेवार कई ट्वीट कर कांग्रेस अध्यक्ष राफेल पर बोले गए झूठ गिनाए हैं।

भाजपा ने राहुल गांधी के सभी आरोपों को झूठ करार देते हुए जवाब दिया है।

घर की दीवार गिरने से 3 बच्चों सहित 4 की मौत

बेंगलुरु ,09 फरवरी (ए)। कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में चल्लकेरे तालुक के रामजोगीहल्ली में एक मकान की दीवार गिरने से एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों में नागरत्नम्मा (मां) और उनके तीन बच्चे कोमल (02), तीर्थवर्धन (04), यशस्विनी (05) शामिल हैं। इसके अलावा चंद्रशेखर और देविका भी इस घटना में घायल हुए हैं. दोनों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। घटना से संबंधित अधिक जानकारियां जुटाने की कोशिश की जा रही है।

मोदी के अरुणाचल दौरे पर चीन ने तरेरी आंखें

भारत ने दिया कड़ा जवाब

नई दिल्ली ,09 फरवरी (ए)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अरुणाचल प्रदेश में 4000 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली कई योजनाओं का उद्घाटन किया और कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं की नींव रखी। मोदी ने होलोंगी में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की नींव रखी और लोहित जिले के तेजू में एक पुनःसंयोजित रेट्रोफिटेड हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। उधर, चीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अरुणाचल दौरे पर आपत्ति जताई है। विदेश मंत्रालय ने चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए अरुणाचल को भारत का अभिन्न हिस्सा बताया है। चीन अरुणाचल को दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा बताकर भारतीय नेताओं के यहां के दौरों पर विरोध जताता आया है। चीन की आपत्ति पर भारत के विदेश मंत्रालय ने पलटवार किया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न हिस्सा है। भारतीय नेता समय-समय पर अरुणाचल प्रदेश का वैसे ही दौरा करते आए हैं, जैसे वे भारत के किसी हिस्से का दौरा करते हैं। कई मौकों पर चीनी पक्ष को भारत के इस रुख से अवगत कराया जा चुका है।

इससे पहले, चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने पीएम मोदी के अरुणाचल दौरे से जुड़े सवाल के जवाब में कहा, चीन-भारत सीमा को लेकर चीन का पोजिशन स्पष्ट है। चीन की सरकार ने कभी भी कथित अरुणाचल प्रदेश को मान्यता नहीं दी है और हम भारतीय नेता के चीन-भारत सीमा के पूर्वी हिस्से के दौरे का दृढ़ता से विरोध करते हैं। चुनयिंग ने आगे कहा, चीन भारतीय पक्ष से गुजारिश करता है कि वह दोनों देशों के साझा हितों का ध्यान रखे। उल्लेखनीय है आज पीएम मोदी ने आईजी पार्क में आयोजित एक समारोह में रिमोट के जरिए 50 स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों का उद्घाटन भी किया।

जहरीली शराब से मृतकों की संख्या हुई 90

30 आरोपी गिरफ्तार

हरि द्वार/सहार नपुर,09 फरवरी (ए)। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में जहरीली शराब पीकर मरने वालों का आंकड़ा 90 के पार पहुंच गया है. यूपी के सहारनपुर में 38, मेरठ में 18,कुशीनगर में 8 लोगों की इस वजह से मौत हुई है. वहीं उत्तराखंड के हरिद्वार और रुड़की में जहरीली शराब अब तक लगभग 25 से ज्यादा लोगों को मौत की नींद सुला चुका है.

जहरीली शराबकांड से इतनी बड़ी संख्या में हुई मौत के बाद दोनों राज्यों में हड़कंप मच गया है. अवैध शराब के खिलाफ ताबड़तोड़ पुलिस कार्रवाई की जा रही है.

सहारनपुर जिले के नागल, गागलहेड़ी और देवबंद थाना क्षेत्र के कई गांवों में जहां देर रात जहरीली शराब पीने से अब तक 47 लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं 22 लोग अस्पताल में भर्ती है. हादसे के बाद शनिवार को सहारनपुर के डीएम आलोक कुमार पांडेय और एसएसपी दिनेश कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान बताया कि 36 लोगों की मौत सहारनपुर के अलग-अलग गांवों में हुई है. जबकि 11 लोगों ने मेरठ में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. इस घटना को गंभीरता से लेते हुए अवैध शराब के कारोबार से जुड़े हुए 30 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही हैं.

इस बड़ी लापरवाही पर एसएसपी दिनेश कुमार ने नागल थाना प्रभारी सहित दस पुलिसकर्मी और आबकारी विभाग के तीन इंस्पेक्टर व दो कांस्टेबल सस्पेंड कर दिए हैं. बता दें, कुशीनगर के तरयासुजान थाना क्षेत्र में जहरीली शराब पीने वाले पांच और लोगों की गुरुवार को मौत हो गई. बुधवार को भी पांच लोगों की मौत हुई थी. प्रशासन ने इस मामले में थानेदार और आबकारी निरीक्षक समेत नौ लोगों को सस्पेंड कर दिया है.

कच्ची शराब बेचने वालों पर मुकदमा दर्ज कर एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है. उधर शुक्रवार को सहारनपुर के अलग-अलग गांवों में जहरीली शराब पीने से 16 लोगों की मौत हो गई. मामले अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. पुलिस अभी जांच की बात कर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दे रही है.

कोलकाता पुलिस आयुक्त से 8 घंटे तक की पूछताछ

शारदा चिटफंड घोटाला

शिलॉन्ग 09 फरवरी (ए)।शारदा चिटफंड घोटाले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शनिवार को कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार से करीब 8 घंटे तक पूछताछ की। राजीव कुमार से रविवार को भी सीबीआई पूछताछ जारी रहेगी। राजीव कुमार पर सबूतों को छिपाने का आरोप है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने राजीव कुमार को किसी तटस्थ स्थान पर सीबीआई जांच में शामिल होने के निर्देश दिए थे। इसके बाद वह शुक्रवार शाम गुवाहाटी के रास्ते कोलकाता से शिलॉन्ग पहुंचे थे।

सीबीआई सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी के अधिकारियों ने अपने शिलॉन्ग शाखा कार्यालय में सुबह 11 बजे से राजीव कुमार से पूछताछ शुरू कर दी। राजीव कुमार ऑकलैंड स्थित सीबीआई कार्यालय में सुबह 10.45 बजे पहुंचे थे। उनके साथ पश्चिम बंगाल कैडर के तीन आईपीएस अधिकारी और उनके छोटे भाई भी आए थे। राजीव कुमार से यह पूछताछ शाम करीब साढ़े 7 बजे तक चली।

राजीव कुमार से रविवार को भी पूछताछ जारी रहेगी। उधर, सीबीआई रविवार को शिलॉन्ग में तृणमूल कांग्रेस के पूर्व सांसद कुणाल घोष से भी पूछताछ करेगी। घोष का नाम भी इस घोटाले में सामने आया है। पूर्व में पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से गठित एसआईटी ने कुणाल घोष को गिरफ्तार भी किया था।

गौरतलब है कि सारदा और रोज वैली चिटफंड मामलों की जांच के संबंध में सीबीआई की एक टीम गत रविवार को कोलकाता में राजीव कुमार के आवास पर पूछताछ के लिए पहुंची थी।

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में वाड्रा से तीसरी बार पूछताछ

नईदिल्ली,09 फरवरी (ए)। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के बहनोई रॉबर्ट वाड्रा मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को फिर ईडी दफ्तर पहुंच चुके हैं. वाड्रा पर आरोप है कि उन्होंने विदेश में अवैध रूप से संपत्ति खरीदने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग की.

सूत्रों के अनुसार रॉबर्ट वाड्रा शनिवार सुबह लगभग दस बजकर पैंतालीस मिनट पर दिल्ली के ईडी दफ्तर पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि वाड्रा से भारत में उनकी संपत्तियों के बारे में सवाल पूछे जा रहे हैं.

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इससे पहले बुधवार और गुरुवार को वाड्रा से कुल मिलाकर करीब 14 घंटे पूछताछ कर चुका है, लेकिन उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिले. इससे पहले ईडी ने बुधवार और गुरुवार को लगातार दो दिनों तक वाड्रा से पूछताछ की थी. मध्य दिल्ली के जामनगर हाउस स्थित ईडी ऑफिस में पहले दिन वाड्रा से करीब साढ़े पांच घंटे और दूसरे दिन गुरुवार को 9 घंटे तक पूछताछ हुई. इस दौरान उनकी पत्नी और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी उनके साथ खड़ी दिखीं और उन्हें ले जाने के लिए अपनी कार से ईडी ऑफिस पहुंचीं.

वहीं आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वाड्रा को गुरुवार को जांच में फिर से इसलिए शामिल होना पड़ा, क्योंकि उनसे ब्रिटेन में कथित रूप से अचल संपत्तियां खरीदने के संबंध में और सवाल पूछे जाने थे. माना जाता है कि इस दौरान वाड्रा के सामने वे दस्तावेज रखे गए, जो एजेंसी ने मामले की जांच के दौरान हासिल या जब्त किए हैं. इसमें फरार रक्षा डीलर संजय भंडारी से जुड़े दस्तावेज भी शामिल हैं.आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा ने इस मामले के जांच अधिकारी के साथ दस्तावेज साझा किए और कहा कि जब उन्हें और दस्तावेज प्राप्त होंगे तो उन्हें भी साझा किया जाएगा।

ईडी ने पाक संगठन फलाह ए इंसानियत के खिलाफ दर्ज किया मामला

नई दिल्ली ,09 फरवरी (ए)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े पाकिस्तानी संगठन फ्लाह-ए-इंसानियत के खिलाफ धन शोधन का एक मामला दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने कहा कि धन शोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत केंद्रीय जांच एजेंसी ने एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। हवाला के जरिए मनी लांड्रिंग करने में संगठन की सलिसता को लेकर यह कार्रवाई की गई है। केंद्रीय एजेंसी ने कहा है कि उसने फ्लाह-ए-इंसानियत के खिलाफ अपना खुद का मामला दर्ज करने के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक एफआईआर का संज्ञान लिया है, जो गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत पिछले साल सितंबर में दर्ज की गई थी। एनआईए ने इस मामले में तलाशी ली थी और चार दर्जन से अधिक सिम कार्ड, फोन और 1. 56 करोड़ रुपये की सदिग्ध रकम जब्त की थी। वहीं इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। ईडी ने कहा कि मामले में गिरफ्तार एक आरोपी दिल्ली का मोहम्मद सलमान है। वह दुबई में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक से नियमित रूप से संपर्क में था, जो फ्लाह-ए-इंसानियत के उप प्रमुख से संबंध रखता था। सलमान पर आरोप है कि उसने हवाला के जरिए फ्लाह-ए-इंसानियत के संचालकों से धन हासिल किया। साथ ही, उसने और अन्य लोगों ने पाकिस्तान एवं संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विभिन्न लोगों से कथित तौर पर अवैध धन प्राप्त किया। ईडी ने एक बयान में कहा है, कि इस धन का इस्तेमाल भारत में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने और अशांति पैदा करने में किया गया।

येद्दियुरप्पा कर रहे हैं कर्नाटक सरकार को गिराने की साजिश : कांग्रेस

नयी दिल्ली, 09 फरवरी (वार्ता) कांग्रेस ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी. एस. येद्दियुरप्पा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त करके गठबंधन सरकार गिराने की साजिश करने का आरोप लगाया है और कहा है कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय की प्रतिष्ठा पर भी सवाल उठाये हैं, इसलिए न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल तथा पार्टी के संचार प्रभाग के प्रमुख रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शनिवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में एक ऑडियो सुनाया और दावा किया कि इसमें श्री येद्दियुरप्पा ने विधानसभा अध्यक्ष के. आर. रमेश कुमार को अपने समर्थक विधायकों को तैयार करने के लिए 50 करोड़ रुपये तथा भाजपा का समर्थन करने पर प्रत्येक विधायक को 10 करोड़ रुपये देने और मंत्री बनाने की बात कही है।

श्री वेणुगोपाल ने कहा कि यह ऑडियो शुक्रवार शाम को कर्नाटक के मुख्यमंत्री एच. डी. कुमारस्वामी ने जारी किया है जिसमें बातचीत के दौरान श्री येद्दियुरप्पा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष का नाम लेते हुए कह रहे हैं कि यदि विधायकों का मामला उच्चतम न्यायालय जायेगा तो श्री मोदी और श्री शाह दिल्ली में न्यायाधीशों से इन मामलों को सुलझा देंगे।

आज का इतिहास

1921 काशी विद्यापीठ का उद्घाटन गांधीजी ने किया.

1931 नई दिल्ली का विधिवत उद्घाटन हुआ.

1943 द्वितीय विश्व युद्ध में ब्रिटिशसैनिक ट्यूनिशिया की सीमा पर पहुंचे.

1979 ईटानगर अरुणाचल प्रदेश की राजधानी बनी.

बहुत खूब

युवक ने बनाई ऐसी डिवाइस, शराब पी रखी है तो गाड़ी नहीं होगी स्टार्ट

नई दिल्ली 09 फरवरी (ए)। किसी ने सच ही कहा है प्रतिभा किसी डिग्री की मोहताज नहीं होती। अगर मन में कुछ करने का जज्बा है और खुद पर विश्वास है तो कोई भी कुछ भी कर सकता है और इसे हैदराबाद के साई तेजा ने सच साबित कर दिखाया है। मात्र 10वीं तक पढ़े तेजा ने एक ऐसी डिवाइस बनाई है, जो भविष्य में क्रांतिकारी साबित हो सकती है।

इस डिवाइस की खासियत यह है कि अगर आप गाड़ी चलाना चाहते हैं और आपने शराब पी रखी है तो यह आपकी गाड़ी को स्टार्ट ही नहीं होने देगा। इससे शराब पीकर गाड़ी चलाने के कारण होने वाले सड़क हादसों में भी कमी आ सकेगी।

अगर ड्राइवर ने 30 फीसदी से ज्यादा शराब पी रखी है और गाड़ी में साई तेजा द्वारा बनाया गया यह डिवाइस लगा है तो गाड़ी स्टार्ट ही नहीं होगी। साई तेजा की यह डिवाइस इंजन को शुरू ही होने नहीं देगी। तेजा ने सिर्फ 15 दिन में यह डिवाइस बनाई है। इसे तैयार करने में 2500 रुपए की लागत आई है।

इसके अलावा इस डिवाइस में एक और खास बात है। जरूरत से ज्यादा शराब पीने की स्थिति में जब यह गाड़ी स्टार्ट नहीं होने देगा, उसी वक्त यह मोबाइल पर एसएमएस पर भेजेगा। यह एसएमएस उस मोबाइल नंबर पर आएगा जो उस डिवाइस में कनफिगर किया गया है। जैसे अगर किसी व्यक्ति ने जरूरत से ज्यादा शराब पी रखी है, तो गाड़ी स्टार्ट न होने पर उसके किसी करीबी व्यक्ति के पास एसएमएस चला जाएगा, बशर्ते उस करीबी व्यक्ति का मोबाइल नंबर डिवाइस में कनफिगर किया गया हो। इससे आपके जानकार को पता चल जाएगा कि आप गाड़ी चलाने की स्थिति में नहीं हैं।

स्नानघाटों की फोटोग्राफी पर हाई कोर्ट ने मीडिया को फटकारा

कहा- निर्देश मानें नहीं तो होगी कार्रवाई

प्रयागराज,09 फरवरी (ए)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कुंभ मेले के दौरान स्नान घाटों पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर रोक का कड़ाई से पालन करने का निर्देश दिया है. कोर्ट ने कहा कि अधिनियम, नियम व कोर्ट के आदेश से घाट से 100 मीटर के क्षेत्र में फोटोग्राफी प्रतिबंधित की गई है. इसके बावजूद अखबारों में स्नान करती महिलाओं के फोटोग्राफ छापे जा रहे हैं. वहीं इलेक्ट्रानिक मीडिया भी इसे दिखा रही है. कोर्ट ने कहा कि प्रिंट या इलेक्ट्रानिक मीडिया की ओर से आदेश की अवहेलना करने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

कोर्ट ने कुंभ मेलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वह मीडिया को इस आदेश की जानकारी देकर अनुपालन सुनिश्चित कराएं. सुनवाई 5 अप्रैल को नियत करते हुए मेलाधिकारी से याचिका पर जवाब मांगा है. यह आदेश न्यायमूर्ति पीकेएस बघेल तथा न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की खंडपीठ ने अधिवक्ता असीम कुमार राय की याचिका पर दिया है.

कोर्ट ने कहा कि समाचार पत्र घाट पर स्नान करती युवती की फोटो छाप रहे हैं और इलेक्ट्रानिक मीडिया विजुअल दिखा रहे हैं. कोर्ट ने अखबार को याचिका का हिस्सा बना लिया है और मेला प्राधिकरण के अधिकता कार्तिकेय शरण से कहा है कि वह कोर्ट के आदेश की सूचना मेलाधिकारी को फोन से देकर अनुपालन कराने को कहें. बता दें कि इससे पहले भी हाईकोर्ट ने स्नान घाट से 100 मीटर के इलाके में फोटो खींचने पर रोक लगाई थी.

ट्विटर के सीईओ संसदीय समिति के समक्ष नहीं होंगे पेश

नई दिल्ली ,09 फरवरी (ए)। ट्विटर के सीईओ और शीर्ष अधिकारियों ने सूचना-प्रौद्योगिकी पर गठित संसदीय समिति के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया। सूचना-प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसदीय समिति की ओर से ट्विटर को एक पत्र भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर कंपनी के प्रमुख को समिति के समक्ष पेश होने को कहा गया है। पत्र में साथ ही कहा गया है, वह अन्य प्रतिनिधियों के साथ आ सकते हैं। इसके बाद संसदीय समिति को सात फरवरी को ट्विटर के कानूनी, नीतिगत, विश्वास और सुरक्षा विभाग की वैश्विक प्रमुख विजया गड्डे की ओर से एक पत्र मिला। उस पत्र में कहा गया था कि ट्विटर इंडिया के लिए काम करने वाला कोई भी व्यक्ति भारत में सामग्री और खाते से जुड़े हमारे नियमों के संबंध में कोई प्रभावी फैसला नहीं करता है।

समिति से जुड़े सूत्रों ने यह जानकारी दी। संसदीय समिति ने सोशल मीडिया मंचों पर नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए माइक्रो-ब्लॉगिंग वेबसाइट के अधिकारियों को तलब किया था। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर की अध्यक्षता वाली इस संसदीय समिति ने एक फरवरी को एक आधिकारिक पत्र लिखकर ट्विटर को सम्मन किया था। संसदीय समिति की बैठक पहले सात फरवरी को होनी थी लेकिन ट्विटर के सीईओ और अन्य अधिकारियों को अधिक समय देने के लिए बैठक को 11 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। सूत्रों ने बताया कि यात्रा के लिए दस दिन का समय दिये जाने के बावजूद ट्विटर ने 'कम समय में सुनवाई नोटिस देने' को वजह बताते हुए समिति के समक्ष पेश होने से इनकार कर दिया। सूचना-प्रौद्योगिकी से जुड़ी संसदीय समिति की ओर से ट्विटर को एक पत्र भेजे गए पत्र में स्पष्ट तौर पर कंपनी के प्रमुख को समिति के समक्ष पेश होने को कहा गया है। पत्र में साथ ही कहा गया है, वह अन्य प्रतिनिधियों के साथ आ सकते हैं। इसके बाद संसदीय समिति को सात फरवरी को ट्विटर के कानूनी, नीतिगत, विश्वास और सुरक्षा विभाग की वैश्विक प्रमुख विजया गड्डे की ओर से एक पत्र मिला। उस पत्र में कहा गया था कि ट्विटर इंडिया के लिए काम करने वाला कोई भी व्यक्ति भारत में सामग्री और खाते से जुड़े हमारे नियमों के संबंध में कोई प्रभावी फैसला नहीं करता है।